Amar Ujala

Page No. 05

Date: 3-12-2012

S.No.






## आईटीएस में पलास सेन का रहा जलवा

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में आक्लूसन-2012 के समापन अवसर पर पलास सेन ने स्टूडेंट्स को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके गाए गाने 'कभी आना तू मेरी गली', 'तू थी मेरी मैं तुम्हारा, छोटा सा संसार हमारा' पर छात्र-छात्राओं ने जमकर मस्ती की। शनिवार देर रात तक स्टूडेंट्स पलास सेन के गानों पर थिरकते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ प्रतिभा निखारने का अधिकार है। वहां डॉ. पीवी सूद, देवीचरण शेट्टी, सुरेंद्र सूद, राजीव मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।


Sign: Dental Library | Principal | Director General | Administrator | Secretary

Amar Ujala

Page No. 06

Date: 2-12-2012

S.No.



## आईटीएस फर्स्ट

मुरादनगर। आईटीएस में आयोजित में आक्लूसन सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी स्टूडेंट्स ने प्रतिभा दिखाई। इस दौरान मुख्य अतिथि कॉलेज चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने विचार रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कोलाज मेकिंग, कलाकृति, रैप, मूक नाटक और वाद विवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीएस मुरादनगर ने प्रथम और संतोष डेंटल कॉलेज गाजियाबाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीबी सूद, अर्पित चड्ढा, डॉ. हरिप्रकाश, देवीचरण शेट्ठी, अनुष्का चौहान, संजय रेलिया आदि मौजूद रहे।

Sign: ______ Dental Library ______ Principal ______ Director General ______ Administrator ______ Secretary

Dainik Jagran

Page No 16

Date: 2-12-2012

S.No.

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थी ने मचाया धमाल

**संवाद सहयोगी, मुरादनगर :** आईटीएस डेंटल कालेज में चल रहे आक्लूसन-2012 सांस्कृतिक कार्यक्रम में दूसरे दिन छात्र छात्राओं ने धमाल मचाया। शनिवार को आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कला कृतियां बनाना, रैंप, मूक नाटक का मंचन, वाद विवाद प्रतियोगिता व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

आइटीएस डेंटल कालेज में देर रात को फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना आजाद डेंटल कालेज व मेडिकल कालेज दिल्ली, संतोष डेंटल व मेडिकल कालेज, सुभारती डेंटल व मेडिकल कालेज मेरठ, इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बरेली, सुधार रुस्तगी डेंटल कालेज फरीदाबाद, पीडीएम डेंटल कालेज बहादुरगढ़, एसजीटी डेंटल कालेज गुड़गांव, आइडीएसटी डेंटल कालेज मोदीनगर व आइटीएस डेंटल कालेज मुरादनगर कालेज के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों में विभिन्न तरह की पोशाक पहनकर रैंप पर अपने अपने जलते बिखेरे।

फैशन शो प्रतियोगिता में प्रमुख जज मिस अनुसा चौहान व संजय रेलिया ने आइटीएस डेंटल कालेज को प्रथम व संतोष डेंटल कालेज गाजियाबाद को द्वितीय विजेता घोषित किया गया। शनिवार को मुंबई के यूरोफिया बैंड के डा.पलाश सैन द्वारा संचालित लाइव शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें पलाश सैन द्वारा गाये गए मस्ती भरे गीत ...कभी आना तू मेरी गली और मायरी आदि गानों पर छात्र-छात्राएं झूम उठे। इस अवसर पर आइटीएस डेंटल कालेज के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा मुख्य प्रकाशक सलेंदर सूर, कालेज के महानिदेशक डा.पी.बी.सूद, उप प्रधानाचार्य डा.देवी चरण सेट्टी, डी एस जोली व राजीव मल्होत्रा ने पुरस्कार जितने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दी।

Sign: Dental Library | Principal | Director General | Administrator | Secretar

Hindustan (Hindi)

Date: 2-12-2012

Page No. 23

S.No.

# बैंड यूफोरिया की धुन पर झूमे छात्र

**मुरादनगर।** नेशनल हाइवे स्थित आईटीएस संस्थान में शनिवार रात को मुंबई के प्रसिद्ध बैंड यूफोरिया ने जमकर अपना जलवा बिखेरा। पार्श्व गायक डॉ. पलाश सेन द्वारा गाए कभी आना तू मेरी गली पर वहां मौजूद छात्र छात्राएं झूम उठे। आईटीएस संस्थान में दो दिवसीय आक्लूसन कार्यक्रम चल रहा है। आक्लूसन कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन शनिवार रात को मुंबई के सुप्रसिद्ध बैंड यूफोरिया का जादू सिर चढ़कर बोला। शनिवार को छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र प्रसिद्ध पॉर्श्व गायक डॉ. पलाश सेन रहे। शाम 7.15 बजे पलाश सेन जैसे ही स्टेज पर चढ़े दर्शक दीर्घा में मौजूद हजारों छात्रों ने खड़ा होकर उनका अभिनंदन किया।

डॉ. पलाश सेन ने कभी आना तू मेरी गली और माई री जैसे गाने गाकर वहां उपस्थित अन्य लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कभी आना तू मेरी गली छात्रों को सबसे ज्यादा पंसद आई। **(ह.सं.)**

Sign: ____________ ____________ ____________ ____________ ____________

Dental Library | Principal | Director General | Administrator | Secretary

**National Duniya.**

**Date:** 2-12-2012

**Page No.** 15

# 'आक्लूसन-2012' में दिखी फैशन की बहार



आईटीएस में आयोजित आक्लूसन कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाए जलवे। फोटो : शिवम गिरि

गाजियाबाद। आईटीएस डेन्टल कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'आक्लूसन-2012' के दूसरे दिन छात्रों ने कोलाज प्रतियोगिता के अलावा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पलाश सेन के बैंड 'यूफोरिया' का लाइव शो रहा। साथ ही फैशन शो प्रतियोगिता के आयोजन में भी छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन कोलाज प्रतियोगिता, कलाकृतियां बनाना, रैप, मूक नाटक का मंचन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देर शाम पलाश सेन के 'यूफोरिया' बैंड का लाइव शो आयोजित किया। जिसमें 'कभी आना तू मेरी गली' और माएरी जैसे गीतों ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक भी देर तक झूमते रहे। फैशन शो प्रतियोगिता में मौलाना आजाद, संतोष मेडिकल, सुभारती डेन्टल, इंस्टीटयूट ऑफ डेन्टल एजुकेशन बहादुर गढ़, एसजीटी डेन्टल कॉलेज, पीडीएम डेन्टल कॉलेज, डीजे डेन्टल मोदीनगर, श्री बांके बिहारी डेन्टल मसूरी गाजियाबाद, आईटीएस डेन्टल, ग्रेटर नोएडा, आईटीएस डेन्टल मुरादनगर से आए प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसमें आईटीएस मुरादनगर पहले स्थान और संतोष डेन्टल कॉलेज गाजियाबाद दूसरे स्थान पर रहा।

**Signature.**

Dental Library | Principal | Director General | Administrator | Secretary